दिन–रविवार दिनांक– 05 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

निर्वाचन आयोग ने बिहार में स्वंतत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण विधानसभा चुनाव के लिए आज राजधानी पटना में पुलिस अधिकारियों, केन्द्रीय पुलिस बलों और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्य्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कालाधन, शराब और नशीले पदार्थों के मुद्दे पर चर्चा की। बैठक में आयकर विभाग, प्रवर्तन निदेशालय, सीमा शुल्क, स्वापक नियंत्रण ब्यूरो, बैंक, रेलवे और अन्य एजेंसियों के अधिकारी शामिल हुए। मुख्य्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और डॉक्टर विवेक जोशी भी बैठक में शामिल थे। निर्वाचन आयोग ने सुरक्षा, कानून–व्यवस्था के पहलू और अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा के अलावा राज्य पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र अर्धसैनिक बलों के नोडल अधिकारियों के साथ राज्य में समन्वय का भी आकलन किया। मुख्य्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार विभिन्न मुद्दों और विधानसभा चुनाव की तैयारियों का आकलन करने के लिए बिहार के मुख्य्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और मुख्य्य चुनाव अधिकारी के साथ एक उच्च्च स्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे।

———————————————————————————

भवन निर्माण विभाग के मंत्री अशोक चौधरी ने कहा है कि उनकी पार्टी और भाजपा ने चुनाव आयोग को दो या इससे कम चरणों में मतदान संपन्न कराने का आग्रह किया है। श्री चौधरी ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि एनडीए चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज राजगीर स्थित राज्य खेल अकादमी में आयोजित समारोह में मेडल लाओ नौकरी पाओ योजना के तहत प्रदेश के सत्तासी उत्कृष्ट खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। इसके साथ ही वे बिहार राज्य खेल सम्मान

योजना से सम्मानित आठ सौ बारह खिलाड़ियों के बीच सात करोड़ तैंतालीस लाख रूपये की सम्मान राशि वितरित करेंगे। श्री कुमार राजगीर में क्रिकेट स्टेडियम के पवेलियन और क्रिकेट ग्राउंड का भी लोकार्पण करेंगे। इस मौके पर राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य और जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

---

राज्य में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान सुपौल, सीतामढ़ी और पश्चिम चंपारण जिले के कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश दर्ज की गई। वहीं, पटना, खगड़िया, दरभंगा, किशनगंज और भागलपुर जिले में हल्की से मध्यम स्तर की वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुपौल के सरायगढ़ भपटियाही में सबसे अधिक तीन सौ पचासी मिलीमीटर बारिश दर्ज की गईं। वहीं सोनवर्षा में तीन सौ इकहत्तर, चनपटिया में तीन सौ एकसठ, शिवहर में दो सौ चौरानवे और मधुबनी में दो सौ नौ दशमलव आठ मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। विभाग ने कहा है कि उत्तर बिहार और आसपास के इलाकों पर बना निम्न दबाव का क्षेत्र कमजोर हो गया है। हालांकि इसके प्रभाव से अगले कुछ दिनों तक राज्य के अनेक भागों में हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के पूर्वी भाग के जिलों के कुछ स्थानों पर वज्रपात के साथ तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे के रफ्तार से हवा चल सकती है।

---

देश में पिछले छह वर्षों में लगभग सत्रह करोड़ नौकरियां सृजित हुई हैं। श्रम और रोज़गार मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार देश में वर्ष दो हजार सत्रह–अठारह में सैंतालीस करोड़ पचास लाख रोजगार सृजन हुआ था जो वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस में बढ़कर चौंसठ करोड़ तैंतीस लाख हो गया। इसके अलावा, बेरोज़गारी दर वर्ष दो हजार सत्रह–अठारह में छह प्रतिशत से घटकर दो हजार तेईस–चौबीस में तीन दशमलव दो प्रतिशत हो गई है। इसी अवधि में युवा बेरोज़गारी दर भी सत्रह दशमलव आठ प्रतिशत से घटकर दस दशमलव दो प्रतिशत हो गई है। इस बीच, महिलाओं के कार्यबल में भी वृद्धि हुई है और पिछले सात वर्षों में एक करोड़ छप्पन लाख से अधिक महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी हैं।

---

समाप्त